ISSN 0972-5539

मीना समाचार
MEENA News
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का प्रकाशन
A PUBLICATION OF FISHERY SURVEY OF INDIA

खंड 32 संख्या 1 मुंबई जनवरी-मार्च 2015

## I. कारैक्कल से डीकेप्टरिड्स, बिग आई और उपिनोइड्स संसाधनों का पता लगाया।

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के चेन्नई बेस से जुडे एम *एफ वी समुद्रिका* ने कारैक्कल से तलमज्जी मत्स्य संसाधनों के समृद्ध स्थानों का पता लगाया। संसाधन सर्वेक्षण जलयान *एम एफ वी समुद्रिका* ने मार्च 2015 में अपनी समुद्री यात्रा के दौरान एकल हॉल में 500 कि ग्रा मछली पकडी। पकड में 200 कि. ग्रा बिग आई स्कड *सेलार क्रुमेनोप्तालमस*(ब्लोच, 1793), 150 कि. ग्रा इन्डियन स्कड *डीकेप्टरस रस्सेल्ली* (रप्पेल, 1830) और 150 कि ग्रा गोल्ड बैंड गोट फिश *उपिनियस मोलुसेनसिस ब्लीकर*, 1855 शामिल थी। ये संसाधन अक्षांश 10˚ 54.1 उ/देशांतर 80˚ 0.3.5 'पू (कारैक्कल से दूर) क्षेत्र से 49 मी गहराई में दर्ज किए गए। बिग आई स्कड, इन्डियन स्कड और गोल्ड बैंड गोट फिश के नमूने क्रमशः 14.5 -19.5 से मी, 20-28 से. मी. और 13-19 से. मी लंबाई रेंज के 'आसपास थे।जनन ग्रंथी पर अवलोकन प्रकट करता है कि तीन प्रजातियों के सभी नमूने परिपक्वता के तीसरे स्टेज पर थे।



**(सी. बाबु, व. वैज्ञानिक सहायक, भा. मा. स, चेन्नई द्वारा सूचित )**

## अंडमान समुद्र के पश्चिम भाग में इन्डो पेसिफिक सेईल फिश *इस्टियोफोरस प्लाटीप्टेरस* (शॉ, 1792) की किशोर मछलियों की प्राप्ति

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का पोर्ट ब्लेयर बेस का *एम एफ वी ब्लू मार्लिन* ने अंडमान समुद्र के पश्चिम भाग से इन्डो पेसिफिक सेइल फिश *इस्टियोफोरस प्लाटिप्टेरस* (शॉ, 1792) की किशोर मछलियों का रिकार्ड दर्ज हुआ।सेईल फिश के 10 से 15 किशोरों का एक समूह 25 मार्च 2015 को रात में अक्षांश 2˚ 58.0 उ और देशांतर 91˚ 58.0 पू क्षेत्र से 2835 मी गहराई में पानी के सतह पर बह रहा था।एक किशोर सेईल फिश को स्कूप जाल द्वारा पकडी गई। नमूने की कुल लंबाई 10 से मी थी।आकृति ज्यमिति (मोरफोमेट्रिक) विश्लेषण से प्रकट होता है कि नमूने को 48 प्रथम एवं 7 द्वितीय पृष्ठिय रे है। गुदा के अग्र भाग में 11 रे और बीच में 5 अलग रे के साथ पश्च भाग में 7 रे था जो कि किशोर में नहीं देखा जाता।पृष्ठभाग में इसका रंग समान रूप में गहरा है और पार्श्व में हल्का होता है।अधर भाग सफेद था। जबडे का रंग काला था।पृष्ठीय पख काला था।वयस्क मछली के पख पर पाए गए विशेष लक्षण केवल कुछ स्थानों पर ही दृश्य थे।हिन्द महासागर के किशोर सेईल फिश का पूर्व रिकार्ड सिलोन तट से दूर रिपोर्ट किए गए। 12.7 लंबी किशोर मछली है।लक्षद्वीप समुद्र से पकडी गई प्रथम किशोर सेईल फिश लगभग 43.2 से. मी थी ।



**(श्री प्रत्युष दास, क. मत्स्यन गियर प्रौद्योगिकीविद्, भा. मा. स, पोर्ट ब्लेयर, द्वारा सूचित)**

## II. बहिर्गमन एवं प्रशिक्षण

### समुद्री मात्स्यिकी में ऑकडा संग्रहण का सुदृढीकरण एवं मछली वर्गीकरण पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला ।

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) ने *समुद्री मात्स्यिकी में ऑकडा संग्रहण* का *सुदृढीकरण* और *मछली वर्गीकरण* पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला 3-4 मार्च और 25-26 मार्च 2015 को क्रमशः मुम्बई एवं रत्नागिरी में आयोजित की गई।कार्यशाला मात्स्यिकी विभाग, महाराष्ट्र

के अधिकारियों एवं ऑकडा गणनाकारों के हित के लिए आयोजित की गई थी।श्री पी चलपति राव, सांख्यिकीविद्, भा. मा. स, मुम्बई, मुख्यालय ने *समुद्री मछली पकड निर्धारण सर्वेक्षण के लिए कार्य प्रणाली* पर व्याख्यान दिया और श्री बापू एम राऊ त ऑकडा प्रसंस्करण सहायक, भा मा स, मुम्बई (मुख्यालय) ने *ऑकडा संग्रहण फोरमैट के लिए मार्ग दर्शन पर व्याख्यान दिया*।डॉ. डी. ई. उइके, व. वैज्ञानिक सहायक, भा. मा. स, मुम्बई ने *मछलियों के विस्तृत वर्गीकरण* और उसकी पहचान पर व्याख्यान दिया।प्रतिभागियों ने समुद्री मछलियों के क्षेत्र पहचनीकरण पर प्रशिक्षण हेतु स्थानीय मछली अवतरण केन्द्र का दौरा किया।

### अंडमान एवं निकोबार द्वीपों के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन एवं पर्यावरण अनुकूल मत्स्यन प्रणालियों पर क्षेत्रीय कार्यशाला

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का पोर्ट ब्लेयर बेस ने 23-24 फरवरी 2015 को नानकोरी, निकोबार जिला में अंडमान एवं निकोबार द्वीपों के *समुद्री मात्स्यिकी संसाधन एवं पर्यावरण अनुकूल मत्स्यन प्रणलियों पर एक दिवसीय क्षेत्रीय* कार्यशाला एवं ओपन हाऊस का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन रानी फातिमा, नानकोरी के रानी द्वारा किया गया।श्री कास्पर जेम्स, सहायक आयुक्त, नानकोरी इस अवसर पर माननीय अतिथि रहे। श्रीमती जॉली वर्गीस, ए एफ डी ओ, मात्स्यिकी विभाग, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, कामोरटा ने समारोह की अध्यक्षता की।डॉ. एस. रामचन्द्रन, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक, भा मा स, पोर्ट ब्लेयर ने अपने मुख्य संबोधन में संगठन और इसकी गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र से पहले, एक मछुआरा रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय मछुआरों ने उत्तरदायी मात्स्यिकी के लिए आचार सहिता दर्शाते हुए प्लकार्ड वहन कर भाग लिया।

### भारत के मध्य पूर्वी तट-यानम के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों पर क्षेत्रीय कार्यशाला

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, विशाखपट्टणम बेस ने भारत *के मध्य पूर्वी तट-यानम के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों* पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला 2 मार्च 2015 को मात्स्यिकी सहायक निदेशक का कार्यालय के प्रशिक्षण कक्ष, यानम, पुदुच्चेरी में आयोजित की। कार्यशाला अनन्य रूप से स्थानीय मछुआरे, मात्स्यिकी सहकारी समिति, और यानम के सामान्य जनता के हित के लिए आयोजित की गई थी।कार्यशाला में चार विविध सत्र अर्थात् उद्घाटन सत्र, तकनीकी सत्र, प्रदर्शनी एवं सी सी आर एफ पर नुक्कड नाटक शामिल थे।स्थानीय मछुआरों के लाभार्थ कार्यशाला पूरी तरह क्षेत्रीय भाषा *तेलगू* में आयोजित की गई थी।

### तमिलनाडु तट के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों पर कार्यशाला

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का चेन्नई बेस ने *तमिलनाडु तट के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों* पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला 5 मार्च 2015 को अनिचंकुप्पम, विल्लुपुरम जिला, तमिलनाडु में आयोजित की। श्री एस. सेकर, अध्यक्ष, मछुआरा सहकारी समिति, अनिचंकुप्पम ने कार्यशाला का उद्घाटन किया।श्री के सेलवन, मात्स्यिकी उप निदेशक (क्षेत्रीय), मात्स्यिकी विभाग, तमिलनाडु सरकार ने समारोह की अध्यक्षता की।डॉ. एल. रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक ने मुख्य भाषण दिया। श्री आर करुणाकरन, सहायक निदेशक, मात्स्यिकी विभाग, विल्लुपुरम जिला, तमिलनाडु सरकार ने धन्यवाद प्रस्ताव किया। लगभग 151 मछुआरे, मछुआरिन, लोग एवं राज्य मात्स्यिकी अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

### भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का कोच्चिन बेस द्वारा क्षेत्रीय कार्यशाला

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का कोच्चिन बेस, कोच्चि ने *केरल तट के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन-निरंतर उपयोग एवं आगे चुनौतियों* पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला विषिन्जम, तिरुवनन्तपुरम में 30 जनवरी 2015 को आयोजित की। बेस ने लक्षद्वीप समुद्र के महासागरीय मात्स्यिकी संसाधनः संभावनाएं और समस्याएं पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला 27 फरवरी 2015 को अमीनी द्वीप, लक्षद्वीप में आयोजित की।

### भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का विशाखपट्टणम बेस को श्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का विशाखपट्टणम बेस को 20 वॉ कृषि-उद्योग-पर्यटन एवं विज्ञान उत्सव, पश्चिम बंगाल के दौरान श्रेष्ठ स्टॉल और समस्त प्रदर्शन का पुरस्कार के साथ सम्मनित किया गया।उत्सव *कोन्टै पालपरा सारदादेवी महिला मोन्डल* द्वारा 6-12 जनवरी के दौरान बारीपुर सायन्स फेर केम्पस, मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल में आयोजित किया गया। भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, विशाखपट्टणम ने प्रदर्शनी में भाग लिया और संगठन की गतिविधियों को दर्शाते हुए एक स्टॉल लगाया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रोफ ज्योतिरमय कर, माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार ने संस्थान को श्रेष्ठ स्टॉल एवं अच्छे समस्त प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र के साथ साइटेशन प्रदान किया।



## III. कृषि पर संसदीय समिति का दौरा

श्री हुकुम देव नारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में कृषि पर माननीय संसदीय समिति ने 30 जनवरी से 2 फरवरी 2015 के दौरान चेन्नई भा मा स, चेन्नई का दौरा किया।माननीय समिति सदस्य और अधिकारियों ने सर्वेक्षण जलयान *एम एफ वी समुद्रिका* का दौरा किया। श्री प्रेमचन्द, महानिदेशक, भा मा स ने माननीय अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को भा मा स का अधिदेश और मात्स्यिकी विकास की ओर उसका योगदान का संक्षिप्त विवरण दिया। संसदीय समिति के लिए संस्थान द्वारा ट्रॉलिंग प्रचालन एंव संसाधन सर्वेक्षण प्रणाली देखने हेतु एक फील्ड ट्रिप का आयोजन किया। सर्वेक्षण पोत *एम एफ वी समुद्रिका* ने प्रदर्शन हेतु चेन्नई से दूर 30-100 मी गहराई क्षेत्र में एक जाल का प्रचालन किया। माननीय समिति सदस्यों और अधिकारियों ने शूटिंग से हॉलिग तक संपूर्ण मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण प्रचालन देखा।



माननीय अध्यक्ष/सदस्य एवं लोकसभा सचिवालय अधिकारियों ने भा मा स का चेन्नई बेस द्वारा आयोजित प्रदर्शनी ट्रिप के संबंध में अत्यंत संतोष और सराहना प्रकट की। कृषि पर संसदीय स्थायी समिति ने मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण में भा मा स की भूमिका और मत्स्यन उद्योग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की ।

## IV. भा मा स का मार्मुगोवा बेस में वार्षिक रोसा बैठक

सर्वेक्षण पोतों एवं बेस कार्यालयों द्वारा की गई वैज्ञानिक क्रियाकलापों की परिमाणत्मक एवं गुणात्मक निष्पादन की वार्षिक समीक्षा 24-25 मार्च 2015 के दौरान भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का मार्मुगोवा में संपन्न हुई। श्री प्रेमचन्द, महानिदेशक (प्रभारी), भा मा स ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मुख्यालय एवं बेस स्तर पर सही तरीके से योजना बनाकर प्रस्तावित कार्यक्रम के कार्यान्वयन में कमी को दूर किया जाए बैठक में 2015-16 के लिए मात्स्यिकी सर्वेक्षण कार्यक्रम का मसौदा को अंतिम रूप दिया गया एवं कार्यक्रम को वैज्ञानिक उन्मुख तथा रणनीति प्रबंधन के साथ प्रभावकारी तरीके से कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया।वर्तमान बेडा संख्या और संस्थान के पुराने पोतों को प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता पर बैठक में गहरी चर्चा हुई। सदस्यों ने राय दी है कि संसाधन सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए और संस्थान के भावी अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए पोतों की ज़रुरत है । अतः संस्थान के लिए सात नये पोतों की खरीद हेतु एक प्रस्ताव कृषि मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

## V. भा मा स मुख्यालय में सोलहवीं परामर्शदात्री समिति बैठक

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय) की परामर्शदात्री की सोलहवां बैठक 30 मार्च 2015 को भा मा स मुख्यालय मुम्बई में संपन्न हुई। श्री प्रेमचन्द, महानिदेशक (प्रभारी) भा मा स ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने वर्ष 2014-15 के दौरान संस्थान की गतिविधियों का सार प्रस्तुत किया। शिपयार्ड में शुष्क गोदीकरण स्लोट मिलने में देरी, लंबे समय तक शुष्क गोदीकरण मरम्मतें, प्रमाणित कर्मियों की कमी आदि सर्वेक्षण पोत के निष्पादन प्रभावित होने का प्रमुख कारण थे।बैठक में परामर्शदात्री समिति की पन्द्रहवीं बैठक में दी गई संस्तुतियों के कार्यान्वयन पर की गई कार्रवाई, पिछले वर्ष (2014-15) के दौरान सर्वेक्षण पोतों का निष्पादन, संस्थान की विस्तार गतिविधियाँ, समुद्री अभियांत्रिकी प्रभाग का निष्पादन और वर्तमान अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।परामर्शदात्री समिति ने संस्थान के 2015-16 के प्रस्तावित मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं अनुसंधान कार्यक्रम का अनुमोदन दी और बेडा संख्या बढाने हेतु नए संसाधन पोतों को प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए भा मा स का निर्णय पर सहमत हुई।

## VI. राजभाषा कार्यान्वयन

### भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई मुख्यालय में हिन्दी कार्यशाला

हिन्दी सोफ्टवेयर का प्रयोग में कर्मचारियों की निपुणता सुधारने हेतु हिन्दी कार्यशाला के रूप में यूनिकोड में एक दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण 13 मार्च 2015 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण मुम्बई मुख्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण हिन्दी शिक्षण योजना, नवी मुम्बई के विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया था।

### भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, बेसेस द्वारा संचालित हिन्दी कार्यशाला

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, कोच्चि द्वारा 24 मार्च 2015 को एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई ।बेस और समुद्री अभियांत्रिकी प्रभाग से कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

राजभाषा कार्यान्वयन के रूप में एक हिन्दी कार्यशाला 30 मार्च 2015 को भा मा स, पोर्ट ब्लेयर द्वारा आयोजित की गई।इस अवसर पर श्री अमित श्रीवास्तव, व. तकनीकी अधिकारी, सी आई ए आर आई, पोर्ट ब्लेयर विषय विशेषज्ञ रहे। उन्होंने कम्प्यूटर और राजभाषा हिन्दी पर व्याख्यान दिया।

भा मा स, विशाखपट्टणम ने एक हिन्दी कार्यशाला 28 मार्च 2015 को आयोजित की। डॉ. रीता त्रिवेदी, हिन्दी प्राध्यापक विषय विशेषज्ञ रही। उन्होंने हिन्दी में सरकारी पत्र लेखन, टिप्पणी लेखन पर व्याख्यान दिया।

- श्रीमती अरूणा विनोद कुमार, यू डी सी और सुश्री वन्दना वाघमारे, यू डी सी, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई मुख्यालय ने 5 से 9 जनवरी 2015 तक कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने हेतु पॉच दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण में केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण उप संस्थान, सी बी डी, बेलापूर, नवी मुम्बई भाग लिया।
- श्रीमती लीना टी पी, क. हिन्दी अनुवादक, भा मा स, कोच्चिन ने 27 मार्च 2015 को मॅगलूर में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लिया।

### संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा भा मा स का पोर्ट ब्लेयर बेस, पोर्ट ब्लेयर का राजभाषा निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा 11 फरवरी 2015 को भा मा स का पोर्ट ब्लेयर बेस का राजभाषा निरीक्षण किया गया। श्री प्रेमचन्द, महानिदेशक, भा मा स, मुम्बई ने माननीय संसद सदस्यों और अधिकारियों का स्वागत किया।समिति ने पोर्ट ब्लेयर बेस द्वारा तैय्यार की गई राजभाषा प्रश्नावली की समीक्षा की गई और भा मा स पोर्ट ब्लेयर को हिन्दी कार्यान्वयन के रूप में हिन्दी में किए गए कार्य के लिए सराहना की।

### राजभाषा रोलिंग ट्रोफी भा मा स, कोच्चि को कोच्चिन टोलिक से हिन्दी कार्यान्वयन के लिए राजभाषा रोलिंग ट्रोफी प्राप्त हुई।

## VII. प्रशिक्षण/संगोष्ठी/कार्यशाला/परिसंवाद / बैठक/सम्मेलन में भागीदारी

### अंतर्राष्ट्रीय

- श्री प्रेमचंद, महानिदेशक (प्रभारी) ने 19.02.2015 को बैकोक, थाइलैड में बे ऑफ बंगाल लार्ज मरैन इकोसिस्टम (बॉबलम) परियोजना कार्य योजना विकास बैठक में भाग लिया ।

### राष्ट्रीय

- श्री प्रेमचंद, महानिदेशक (प्रभारी) ने 20.01.2015 को अन्तरीक्ष उपयोग केन्द्र में पारिस्थितिक तंत्र आधारित समुद्री सजीव संसाधन पूर्वानुमान के लिए सुदूर संवेदन और जी आई एस पर आयोजित बैठक में भाग लिया।
- श्री प्रेमचंद, महानिदेशक (प्रभारी) ने सचिव, कृषि मंत्रालय द्वारा कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली में 27.01.2015 को मात्स्यिकी संस्थानों के साथ उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा हेतु बैठक में भाग लिया।
- डॉ. देवानंद उइके, व. वैज्ञानिक सहायक ने दूरदर्शन, मुम्बई के 15.01.2015 को सर्वेक्षण जलयान पर टूना को संभालना पर फोन-इन-लाइव-साक्षात्कार कार्यक्रम में भाग लिया।
- श्री के. गोविन्दराज, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 28.01.2015 को हुड हुड चक्रवात की क्षति/कमी के विस्तार का मूल्यांकन हेतु यंत्रीकृत मत्स्यन पोतों/नावों के भौतिक सत्यापन के लिए गठित जिला स्तर समिति में भाग लिया।
- डॉ. एल रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक और श्री पी. तमिलरसन ने 10-11 फरवरी 2015 के दौरान हॉटेल एम्बास्सडर, चेन्नई में बीओबीपी-आईजीओ द्वारा आयोजित तमिलनाडु और पुदुच्चेरी के लिए मात्स्यिकी सह-प्रबंधन रणनीति के विकास पर एफ ए ओ -टी सी पी थीमेटिक कार्यशाला में भाग लिया।
- एल. रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक ने सेंट सेविर्स कॉलेज, पालयमकोटै, तमिलनाडु द्वारा 12-13 फरवरी 2015 के दौरान आयोजित जैव विविधता और संरक्षणः वर्तमान स्थिति और भावी संभावनाओं पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और भारत के महासागरीय संसाधन के जैवविविधता पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- श्री एन उन्निकृष्णन, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने एम्पीडा, कोच्चि में 25.03.2015 को फिश होल्ड सबसिडी स्कीम पर विशेषज्ञ समिति की बैठक में भाग लिया।
- श्री पी तमिलरसन, मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 30.03.2015 को मात्स्यिकी आयुक्त के कार्यालय, डी एम एस कोम्प्लेक्स, तेयानपेट, चेन्नई 600006 में मछुआरों को नए टूना लॉग लाइनर कम गिल जाल की खरीद हेतु मछुआरों को 50% सबसिडी पर समुद्री मात्स्यिकी-स्कीम पर तकनीकी एवं प्रशासनिक समिति की बैठक में भाग लिया ।
- श्री ए. सिवा, व. वैज्ञानिक सहायक ने 30-31 मार्च 2015 के दौरान विज्ञान भवन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के एम. पी. काऊननसिल, नेहरु नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश में सायन्स कोन्ग्रेस -2015-मानव विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के फोकल थीम के अधीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के हाल ही की प्रवृत्तियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।संगोष्ठी के दौरान उन्होंने भारत के ऊपरी पूर्वी तट में तलमज्जी मात्स्यिकी की वर्तमान स्थिति पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## VIII. प्रशासनिक समाचार

### नियुक्तियाँ

- श्री प्रत्ययुष दास को कनिष्ठ मत्स्यन गियर प्रौद्योगिकीविद् के पद में 16.01.2015 के प्रभाव से भा. मा. स. के पोर्ट ब्लेयर बेस में नियुक्त किया गया।

### पदोन्नतियाँ /स्थानातरण :

- श्री गणेश एम सोहनी, स्टाक कार चालक ग्रेड-।। को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई (मुख्यालय) से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का मुम्बई बेस में स्थानांतरित किया गया।
- श्री टी. ए. सजीव, मुख्य अभियंता ग्रेड-। को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण विशाखपट्णम से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का कोच्चिन बेस में स्थानांतरित किया गया।
- श्रीमती राजश्री के मेन्डन, कार्यालय अधीक्षक को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, (मुख्यालय) से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का मुम्बई बेस में स्थानांतरित किया गया।
- श्रीमती पी. मल्लिका, आशुलिपिक ग्रेड-। को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई बेस से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय ) में स्थानांतरित किया गया।

### सेवा निवृत्तियाँ

- श्री ई. ए. जोसेफ, क. नाविक, भा मा स कोच्चि बेस अधिवर्षिता पर 28.02.2015 को सेवानिवृत्त हुए।
- श्री ई. मूर्ति, व. नाविक, भा मा स का चेन्नई बेस अधिवर्षिता पर 28.02.2015 को सेवानिवृत्त हुए।
- श्री एन. सी. बॅनर्जी, वेल्डर, भा मा स का पोर्ट ब्लेयर बेस अधिवर्षिता पर 28.02.2015 को सेवानिवृत्त हुए।

### निधन

श्री अजय खैरमोडे, बहु कार्मिक कर्मचारी, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय) का 18 मार्च 2015 को निधन हो गया। वह 3 दिसंबर 2001 से भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण में कार्यरत थे।महानिदेशक एवं भा. मा. स. के कर्मचारियों ने 19 मार्च 2015 को उनकी असमय मृत्यु पर भा. मा. स. मुम्बई (मुख्यालय) में हुई शोक सभा में शोक व्यक्त किया।



संकलनकर्ता : कुमारी राजश्री बी सनदी, संपादकः डॉ. एम के सजीवन, हिन्दी अनुवादकः मीरा वेल्लेन राजीव
प्रकाशकः श्री प्रेमचंद महानिदेशकः भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, बोटावाला चेम्बर्स, सर पी एम रोड, मुम्बई-400 001,
तारः मीना वेबसाईटः htttp:/fsi.gov.in फैक्सः (022) 22702270. दूरभाषाः 22617144/45 मुद्रकः ऑनलूकर प्रेस, मुम्बई. दूरभाषा 022-22182939/3544